भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 1284**
उत्तर दिनांक 30/07/2026 को दिया गया

## कैंसर देखभाल सुविधाएँ

1284. श्री राघव चड्ढा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में कैंसर देखभाल सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभाग द्वारा शुरू की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान स्थापित या उन्नयित कैंसर उपचार केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान ऐसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि कितनी है; और

(घ) उक्त वर्षों के दौरान इन सुविधाओं में उपचार कराने वाले रोगियों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी) है जिसका अधिदेश उत्कृष्ट सेवा, शिक्षा और अनुसंधान के अपने आदर्श वाक्य के माध्यम से सभी को व्यापक कैंसर देखभाल उपलब्ध कराना है। टीएमसी देश में एक प्रमुख कैंसर केंद्र होने के नाते, कैंसर देखभाल के लिए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय नीति और रणनीति के मार्गदर्शन हेतु नेतृत्व प्रदान करता है।

कैंसर देखभाल सुविधा को मजबूत करने के लिए टीएमसी ने वर्ष 2002 में कैंसर में उपचार, अनुसंधान और शिक्षा का प्रगत केंद्र (एक्ट्रेक), खारघर को शामिल किया है, जिसका उद्देश्य उन्नत शिक्षा और रोगी देखभाल के साथ बुनियादी और नैदानिक कैंसर अनुसंधान को एकीकृत करने के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में कार्य करना है। डीएई-टीएमसी ने उत्तर प्रदेश और आस-पास के राज्यों में कैंसर रोग की व्यापकता को ध्यान में रखते हुए 394 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना की और तत्कालीन "रेलवे अस्पताल" (होमी भाभा कैंसर अस्पताल के रूप में पुनः नामित - 189 बिस्तर) का उन्नयन किया, जिसे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान टीएमसी ने कैंसर देखभाल उपचार के लिए निम्नलिखित सुविधाएं स्थापित की हैं :

| **क्रम सं.** | **अस्पताल का नाम** | **शहर, राज्य** | **कमीशनन की तारीख** | **बिस्तर** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र | नया चंडीगढ़, पंजाब | 24/08/2022 | 300 |
| 2 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र | विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश | 11/05/2023 | 210 |
| 3 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र | मुजफ्फरपुर, बिहार | 30/04/2025 | 107 |
| 4 | प्लेटिनम जुबली ब्लॉक | मुंबई, महाराष्ट्र | निर्माणाधीन | 583 |
| 5 | कैंसर में उपचार, अनुसंधान और शिक्षा के लिए एकीकृत केंद्र (आईसीटीआरईसी) | खोपोली, रायगढ़, महाराष्ट्र | निर्माणाधीन | 75 |
| 6 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल | भुवनेश्वर, ओडिशा | निर्माणाधीन | 200 |

(ग ) पिछले पांच वर्षों में उपरोक्त सुविधाओं के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि :

| क्र. सं. | अस्पताल का नाम | राज्य | कमीशनन की तारीख | परियोजना की स्वीकृत लागत (करोड़ में) | 2021-2022 | | 2022-2023 | | 2023-2024 | | 2024-2025 | | 2025-2026 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | आवंटित राशि | उपयोग की गई राशि | आवंटित राशि | उपयोग की गई राशि | आवंटित राशि | उपयोग की गई राशि | आवंटित राशि | उपयोग की गई राशि | आवंटित राशि | उपयोग की गई राशि |
| 1 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र | नया चंडीगढ़, पंजाब | 24/08/2022 | 663.71 | 49.46 | 56.01 | 95.00 | 92.29 | 176.40 | 176.99 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र | विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश | 11/05/2023 | 556.78 | 39.60 | 35.59 | 109.82 | 107.86 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र | मुजफ्फरपुर, बिहार | 30/04/2025 | 198.15 | 3.07 | 3.47 | 51.05 | 51.64 | 77.00 | 85.30 | 53.15 | 47.28 | 9.88 | 7.78 |
| 4 | प्लेटिनम जुबली ब्लॉक | मुंबई, महाराष्ट्र | निर्माणाधीन | 880.46 | 0.00 | 0.88 | 0.00 | 0.26 | 54.00 | 53.93 | 93.00 | 93.23 | 157.04 | 157.18 |
| 5 | कैंसर में उपचार, अनुसंधान और शिक्षा के लिए एकीकृत केंद्र (आईसीटीआर ईसी) | खोपोली, रायगढ़, महाराष्ट्र | निर्माणाधीन | 300.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 10.00 | 9.69 | 20.00 | 20.48 | 86.42 | 86.20 |
| 6 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल | भुवनेश्वर, ओडिशा | निर्माणाधीन | 400.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3.00 | 1.10 | 9.50 | 11.36 | 9.85 | 9.89 |

(घ) पिछले 5 वर्षों में इन सुविधाओं में पंजीकृत रोगियों का विवरण निम्नानुसार है:

| **अस्पताल का नाम** | **वित्तीय वर्ष 2021-22** | **वित्तीय वर्ष 2022-23** | **वित्तीय वर्ष 2023-24** | **वित्तीय वर्ष 2024-25** | **वित्तीय वर्ष 2025-26** |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएमएच, मुम्बई | 40395 | 59109 | 56914 | 55909 | 53944 |
| एक्ट्रेक, खारघर | 6137 | 5352 | 6478 | 9156 | 11627 |
| एचबीसीएच व आरसी, विशाखापट्टनम | 4128 | 5230 | 6495 | 6824 | 7496 |
| एचबीसीएच, संगरुर और एचबीसीएच व आरसी, मुल्लनपुर | 8116 | 9088 | 10886 | 14854 | 16410 |
| एचबीसीएच व आरसी और एमपीएमएमसीसी, वाराणसी | 18674 | 21770 | 23540 | 25706 | 26907 |
| बीबीसीआई, गुवाहाटी | 11479 | 11533 | 11486 | 10633 | 9887 |
| एचबीसीएच व आरसी, मुजफ्फरपुर | 2323 | 3720 | 5528 | 6853 | 8305 |

*****